# 'अशोक गहलोत और सचिन पायलट साथ नहीं हुए तो नुकसान होना तय है'

## विधायक बाबूलाल बैरवा बोले, ''परसादी लाल मीणा मेरा कोई काम नहीं करते और महेश जोशी भी झांसे देते हैं''

**जयपुर**, (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि इस बार उनका मिशन-156 है लेकिन इधर पार्टी के विधायकों ने मंत्रियों पर काम नहीं करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि यदि दोनों नेता (अशोक गहलोत और सचिन पायलट) साथ नहीं हुए तो नुकसान होना तय है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के संबंध में बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कठूमर से कांग्रेस विधायक बाबूलाल बैरवा ने स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा और जलदाय मंत्री महेश जोशी के खिलाफ काम नहीं करने के आरोप लगाए हैं। बैरवा ने कहा, ''मैं चार बार का विधायक हूं, स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा और जलदाय मंत्री महेश जोशी मेरे काम नहीं करते। मैं दलित विधायक हूं, शायद इसलिए परसादी मेरे काम नहीं करते, और तो कोई कारण समझ नहीं आता। महेश जोशी भी केवल झांसा देते हैं, मेरा कोई काम नहीं करते। सुना है कि स्वास्थ्य मंत्री का बेटा विभाग चला रहा है। जब इस बात की शिकायत मैंने मुख्यमंत्री से की, तो मुख्यमंत्री ने कहा देवाराम को बता दो। मैंने उन्हें बताया लेकिन इसके बावजूद वहां से भी काम नहीं हुआ।''

बैरवा ने कहा ''मेरा कोई काम परसादी लाल मीणा नहीं करता है। उससे ज्यादा सीनियर हूं। उससे पहले मैं विधायक बना, लेकिन मेरा कोई काम नहीं करता है। मैंने मेरे बेटे को भेजा, जो उपाध्यक्ष भी है उसे भगा रघु शर्मा ने भी काम नहीं किए थे, लेकिन मेरे आवाज उठाते ही दूसरे दिन ही सरेंडर हो गए थे। मेरे इलाके में अस्पताल, सब सेंटर कुछ


- **'मैंने मुख्यमंत्री से कहा, तो मुख्यमंत्री ने कहा देवाराम को बता दो, मैंने उन्हें बताया, लेकिन इसके बावजूद वहां से भी काम नहीं हुआ'**

नहीं खोले। मेरे इलाके में सैकड़ों पद खाली हैं। डॉक्टर नहीं हैं। मुख्यमंत्री और प्रभारी को कई बार कह दिया लेकिन काम नहीं हुए। जलदाय मंत्री महेश जोशी भी कोई काम नहीं करते। मेरे क्षेत्र में एक्सईएन लगाना है, स्टाफ लगाना है। कठूमर में एक्सईएन का नया ऑफिस खोला है, लेकिन वहां अब तक कुछ नहीं हुआ। मैं 20 बार मिल चुका हूं। मंत्री बोल देते हैं लेकिन काम नहीं करते हैं। मेरा काम तो महेश जोशी और परसादी लाल मीणा ही नहीं करते, बाकी मंत्री तो करते हैं। हर साल 40 हैंडपंप मिलते थे लेकिन जलदाय मंत्री ने आठ भी नहीं दिए। पिछले बजट में मुख्यमंत्री ने हैंडपंप घोषित किए थे, लेकिन यह दूसरा बजट आने को है, साल भर निकल गया, अब तक काम नहीं हुआ।'' बैरवा ने कहा, ''सरकार के प्रति भले ही ग्राउंड पर सत्ता विरोधी लहर नहीं हो, लेकिन अशोक गहलोत और सचिन पायलट को एक होना होगा। सचिन पायलट नेता हैं, एक पूरी कौम उनके साथ है। वह मुझे भी वोट देती है, यह तो सत्य है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट एक नहीं हुए तो पार्टी को नुकसान होगा। उनके एक होने पर ही सरकार बनेगी।''

बाबूलाल बैरवा से पहले कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा, अमीन खान ने विधानसभा के पिछले बजट सत्र में जमकर मंत्रियों के कामकाज पर सवाल उठाए थे। दिव्या मदेरणा ने जलदाय मंत्री महेश जोशी को रबर स्टैंप तक कह दिया था। अमीन खान ने कहा था कि उनके जिले में काम नहीं हो रहे, मुस्लिम 90 फीसदी वोट कांग्रेस को देता है लेकिन बदले में उन्हें अधिकार नहीं मिलते।

दो साल पहले पायलट समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी कई बार पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा चुके हैं। कांग्रेस की बैठकों में भी मंत्री सवालों के घेरे में रहे हैं। सचिन पायलट समर्थक मंत्री हेमाराम चौधरी बिजली नहीं आने के मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से पिछले सप्ताह सवाल उठाए थे। पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने पेपर लीक पर सवाल उठाए थे।

# पेपर लीक में सीबीआई जांच की मांग पर डॉ.किरोड़ी का धरना जारी




पेपर लीक के मामलों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ( दायें ) के धरने में कांग्रेसी विधायक हरीश मीणा ( बायें ) समर्थन देने पहुंचे।

**जयपुर**। पेपर लीक के मामलों की सीबीआई जांच एवं सरकारी नौकरियों में राजस्थान के युवाओं को 95 प्रतिशत आरक्षण आदि मांगों को लेकर आज 5वें दिन भी इस कड़ाके की ठंड में प्रदेश के सैकड़ों युवाओं के साथ राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा धरने पर बैठे रहे।


इस दौरान आज धरना स्थल पर कांग्रेस विधायक हरीश मीना, विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा मौक़े पर मौजूद रहे। डॉक्टर मीना एक बार अचानक सैंकड़ों युवाओं के साथ जयपुर की और कूच कर दिया तब पुलिस प्रशासन इस मूवमेंट को देख प्रशासन के हाथ पेर फूल गए, प्रशासन ने मशक़्क़त कर डॉक्टर मीना के क़ाफ़िले को रोकने में कामयाब रहे। डॉक्टर किरोड़ी लाल ने हरीश मीना द्वारा धरना स्थल पहुँचने पर स्वागत किया ओर कहा लगातार हो रहे पेपर लीक से प्रताड़ित, निराश और हताश युवाओं के आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस विधायक हरीश मीणा का आभार। ये मुद्दा राजनीति का नहीं, बल्कि बेरोजगारों को न्याय दिलाने का है। सभी जनप्रतिनिधि दलीय बंधन छोड़ युवाओं का साथ देना चाहिए। इस दौरान हरीश मीना ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा दायित्व बनता है कि जो माँग डॉक्टर मीना उठा रहे वो जायज़ है। मैं इन मांगों को विधानसभा में उठाऊँगा। हरीश मीना ने कहा की पेपर लीक के मगरमच्छों को पकड़ना ही चाहिए। प्रदेश के युवाओ के साथ ग़लत हो रहा है। मैं प्रदेश कि युवाओं के साथ हूँ इस पर डॉक्टर मीना ने कहा कि आप सचिन पायलट को भी लेकर आए जिससे युवाओं की आवाज़ को ओर मज़बूती मिले। डॉक्टर किरोड़ी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत क्या जाँच एजेंसी हो? जो खुले मंच पर अफसरों-नेताओं को क्लीन चिट देकर जांच एजेंसी को दबाब में लाने का काम कर रहे हैं। क्या इसी वजह से पेपर लीक के एक भी मामले में राजस्थान पुलिस तह तक नहीं पहुंची है? यदि सरकार की बड़े मगरमच्छों को पकड़ने की मंशा है तो तुरंत सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिए। पेपर लीक कर बेरोजगारों के सपनों को चकनाचूर करने वाले नकल माफिया के सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। चाहे वो कितना भी बड़ा क्यों न हो। यदि सरकार ने हठधर्मिता नहीं छोड़ी और बेरोजगारों के साथ न्याय नहीं किया तो युवा शक्ति आगामी चुनावों में ऐसा सबक सिखाएगी कि प्रदेश में कोई कांग्रेस का नाम लेने वाला भी नहीं बचेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आप तो सियासी नफा-नुकसान का गणित समझते ही होंगे। फिर इतना हठ क्यों?

- **सरकार को बेरोज़गार युवाओं की जायज़ मांग माननी ही पड़ेगी : किरोड़ी मीणा**

# खुली जेल में ना सलाखें और ना ताले, ये खुले आसमान में पतंग जैसी : जस्टिस बोस

**जयपुर**, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस ने कहा कि खुली जेल में ना ऊंची दीवारें हैं, ना लोहे की सलाखें और ना ही उन पर लगे मोटे ताले। खुली जेल तो खुले आसमान में उड़ती पतंग जैसी है, जिसे उड़ने का मौका भी दिया जाता है और डोर से नियंत्रित भी रखा जाता है। जस्टिस बोस ने यह विचार शनिवार को सांगानेर स्थित देश की सबसे बड़ी खुली जेल के निरीक्षण के दौरान रखे। उन्होंने कहा कि खुली जेल कैदियों के लिए सामान्य जीवन जीने के मौके के साथ ही दंड भुगतने की जगह है। जहां से वे बाहर जाकर काम कर सकते हैं और काम के बाद वापस आकर रह सकते हैं।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय किशन कौल ने कहा कि खुली जेल में स्थित घरों की छत टीन की है। यदि यहां सीवरेज और पक्की छत की सुविधा मिल जाए तो कैदियों का जीवन आसान हो सकता है। राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे पंकज मित्थल ने कहा कि कैदियों को मुख्यधारा में लाने का काम किया जा रहा है। यहां स्थित स्कूल में कुल 54 बच्चे हैं और इनमें से 27 बच्चे बाहर से आते हैं। खुली जेलों से जेल की कई समस्याएं खत्म हो जाती है। वहीं यहां कैदियों को विश्वास पर रखा जाता है। उन्होंने कहा कि मरने के बाद भी



सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस ( बीच में ) ने शनिवार को सांगानेर स्थित देश की सबसे बड़ी खुली जेल का निरीक्षण किया।

मानवाधिकार का ध्यान रखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने खुली जेल में रह रहे कैदियों के घरों में जाकर उनसे मुलाकात की और उनकी भावनाएं जानी। इस दौरान महिला कैदी ने कहा कि उन्हें यह जगह गेटेड टाउनशिप जैसी लगती है, जहां वे परिवार के साथ रहते हैं। कार्यक्रम में मौजूद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन वी लोकुर, हाईकोर्ट जस्टिस एमएम श्रीवास्तव सहित अन्य सभी जजों ने राजस्थान की तर्ज पर देश के अन्य राज्यों में भी बंदियों के लिए खुली जेल खोले जाने की मंशा जताई है। जजों का मानना है कि ओपन जेल की अवधारणा बंदियों को उनके परिवार के साथ ना केवल जीवन जीने का मौका देती है बल्कि मुख्य धारा में लाने का प्रयास भी है।

## कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे नव मतदाता अभियान के अंतर्गत जयपुर शहर ने शहर के सभी मंडल प्रभारियों को नव मतदाता अभियान से संबंधित दिशा-निर्देश जिसमें सक्रिय बूथ, पन्ना प्रमुख जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करने के लिए जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। बैठक जवाहर नगर स्थित जयपुर शहर कार्यालय में आयोजित हुई।

# तबादले के पांच माह बाद कार्यमुक्ति आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसरों के तबादला करने के पांच माह बाद जारी कार्यमुक्ति आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने नर्सिंग ऑफिसरों को वर्तमान पद पर ही कार्य करते रहने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश मुकेश कुमारी व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को तबादला आदेश जारी करने के बाद पांच माह तक कार्यमुक्त नहीं करना नियमों के खिलाफ है। ऐसे में कार्यमुक्ति आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाना उचित रहेगा।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता झुंझुनूं के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापित हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गत 3 सितंबर को आदेश जारी कर याचिकाकर्ताओं को सरप्लस घोषित कर दिया और उनका तबादला जोधपुर कर दिया। हालांकि विभाग ने करीब पांच माह बीतने के बाद भी उन्हें वर्तमान पद से कार्यमुक्त नहीं किया। वहीं गत 19 जनवरी को विभाग ने अचानक आदेश जारी कर उन्हें स्थानांतरित स्थान के लिए कार्यमुक्त कर दिया। याचिका में कहा गया कि विभाग ने तीन सितंबर को सरप्लस घोषित किया था। इस दौरान याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। जबकि नियमानुसार जिले में सरप्लस कर्मचारियों की सूची बनाकर संबंधित कर्मचारी को सुनवाई का मौका देने के बाद ही उसे सरप्लस घोषित किया जा सकता है। ऐसे में उन्हें सरप्लस घोषित करना नियम विरुद्ध है। वहीं तबादला आदेश जारी होने के बाद भी याचिकाकर्ताओं को आवश्यकता के कारण वर्तमान पर पदस्थापित रखा गया और नियमों के खिलाफ जाकर उन्हें पांच माह बाद कार्यमुक्त कर दिया गया। ऐसे में विभाग की ओर से जारी कार्यमुक्ति आदेशों को रद्द किया जाए। इस पर एकलपीठ ने कार्यमुक्ति आदेशों की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुए उन्हें वर्तमान पदों पर ही काम करते रहने को कहा है।

# कांस्टेबल को प्रमोशन कैडर कोर्स में शामिल करने का आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ एसीबी प्रकरण लंबित होने का हवाला देकर उसकी हैड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति रोकने के मामले में विभाग को आदेश दिए हैं कि वह कांस्टेबल को प्रमोशन कैडर कोर्स में शामिल करे। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख गृह सचिव, डीजीपी, आईजी भर्ती और दौसा एसपी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश रामवतार की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता प्रेमचंद देवन्दा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 1998 में पुलिस कांस्टेबल पद पर नियुक्त हुआ था। वर्ष 2016 में उसे एसीबी प्रकरण में गिरफ्तार होने पर निलंबित कर दिया गया।

वहीं वर्ष 2019 में जमानत मिलने के बाद विभाग ने निलंबन आदेश रद्द कर दिया। याचिका में कहा गया कि पुलिस चयन बोर्ड ने वर्ष 2017-18 और 2018-2019 के लिए वरिष्ठता के आधार पर रिक्तियां जारी कर वरिष्ठता सूची तैयार की गई। दोनों वर्ष की रिक्तियों में याचिकाकर्ता का नाम वरिष्ठता सूची में शामिल था, लेकिन विभाग ने एसीबी केस लंबित होना बताकर याचिकाकर्ता को हैड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति के लिए प्रमोशन कैडर कोर्स में भेजने और अंतिम परिणाम जारी करने से इनकार कर दिया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ एसीबी में झूठा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें वह जमानत पर रिहा हो चुका है। वहीं उसके निलंबन आदेश को भी रद्द किया जा चुका है। इसके अलावा गृह विभाग के वर्ष 1984 के परिपत्र के अनुसार आपराधिक मामला लंबित होने के आधार पर किसी व्यक्ति को पदोन्नित से वंचित नहीं किया जा सकता। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को प्रमोशन कैडर कोर्स में शामिल करने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# हिंद रक्षक सेवा संस्था ने भगवा वाहन रैली निकाली

**जयपुर**। हिंद रक्षक सेवा संस्था जयपुर की ओर से शनिवार को सिविल लाइंस में विशाल भगवा वाहन रैली निकाली गई। भगवा रैली को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन रैली दोपहर 12 बजे गुर्जर की थड़ी से शुरू होकर ढोल नगाड़ों के साथ न्यू सांगानेर रोड, श्याम नगर होते हुए सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बाल निवास गार्डन पहुंची। भगवा रैली के अंदर न्यू सांगानेर रोड पर हजारों वाहनों के साथ लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं।

जगह-जगह रणजीत सिंह सोडाला का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ रैली में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। लोगों ने घर की छतों से रैली पर फूलों की वर्षा की।

सिविल लाइंस क्षेत्र भगवा ध्वज और जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया। भारी भीड़ के चलते बाल निवास गार्डन खचाखच भर गया। कार्यक्रम में 5 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल हुए। वहीं सैकड़ों बैंडबाजे के साथ महिलाएं पैदल मार्च करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। कार्यक्रम में महिलाओं का खासा उत्साह नजर आया। संस्था अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रणजीत सिंह सोडाला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति और सनातन संस्कृति पर जिस तरह से कुठाराघात किया जा रहा है।

कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक मेघ सिंह, सांसद रामचरण बोहरा, जूना अखाड़ा के नावलगिरी महाराज, अखिल भारतीय धर्म संसद के अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर, भाजपा के जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष संजय जैन, सरल बिहारी मंदिर महंत दीपक बल्लभ गोस्वामी, पंकज शर्मा, पार्षद धीरेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, अंशु शर्मा, हेमेंद्र शर्मा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## दौसा के कई कार्यों के लिए दी मंजूरी

**जयपुर** (का.सं.)। प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए संकल्पित राज्य सरकार ईको टूरिज्म को बढ़ा रही है। दौसा जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए प्राकृतिक स्थलों के विकास के लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिले में नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकरी ईको पार्क विकास के लिए 3 करोड़ रुपए (1.50-1.50 करोड़) की वित्तीय स्वीकृति दी है।

गहलोत की स्वीकृति से दौसा जिला पर्यटन मानचित्र पर स्थापित होगा। स्थानीय रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वित्त विभाग द्वारा दोनों कार्यों के लिए पूर्व में 54.25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। अब कार्यों को विस्तृत रूप देते हुए 3 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

# एस.सी.ओ. फिल्म महोत्सव का शुभारंभ

**जयपुर**, (का.सं.)। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अन्य लोगों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर मुंबई में शुक्रवार शाम को पांच दिवसीय एससीओ फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि हेमा मालिनी और अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, साजिद नाडियाडवाला, ईशा गुप्ता, पूनम ढिल्लों, एली अवराम,

- **सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एससीओ देशों के बीच सिनेमाई साझेदारी बनाने का आव्हान किया**

ऋषिता भट्ट और जैकी भगनानी जैसी अन्य प्रतिष्ठित फिल्मी हस्तियों का इस अवसर पर सम्मान किया गया। ठाकुर ने कहा कि ''भारतीय फिल्में एससीओ से जुड़े देशों में लोकप्रिय हैं और फिल्मों ने लोगों के बीच परस्पर संबंधों में एक बड़ी भूमिका निभाई है।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस फिल्म महोत्सव का मुख्य लक्ष्य एससीओ देशों की अलग-



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अन्य लोगों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर मुंबई में शुक्रवार शाम को फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि हेमा मालिनी और अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, साजिद नाडियाडवाला, ईशा गुप्ता, पूनम ढिल्लो, एली अवराम, ऋषिता भट्ट और जैकी भगनानी जैसी अन्य प्रतिष्ठित फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं।

अलग फिल्में दिखाना और फिल्म निर्माण के अलग-अलग स्टाइल से परिचित कराना है। ठाकुर ने आगे कहा कि यह महोत्सव इस क्षेत्र के देशों के बीच सिनेमाई साझेदारी बनाने का एक असाधारण अवसर प्रदान करता है। एससीओ फिल्म महोत्सव में कुल 57 फिल्में दिखाई जाएंगी हैं और 14 फिल्मों को फिल्म महोत्सव के कंपटीशन सेक्शन के लिए नामांकित किया गया है। इनमें पननलिन की ऑस्कर के लिए चुनी गई गुजराती फिल्म छेल्लो शो और निखिल महाजन की पुरस्कार विजेता मराठी फिल्म गोदावरी शामिल हैं।

इस मौके पर एनिमेशन सीरीज भारत हैं हम का प्रोमो रिलीज किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से ग्रेफिटी मीडिया के सहयोग से केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा बनाई जा रही 52 भाग की श्रृंखला भारत हैं हम हमारे सबसे खास दर्शक बच्चों को जाने-पहचाने और गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी बताती है।

# करोना का कोई भी नया मरीज नहीं मिला शनिवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में शनिवार को करोना संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। वहीं इस दौरान दो मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर चार रह गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में किसी भी जिले में नया संक्रमित नहीं पाया गया है। इससे पहले शुक्रवार को राज्य में एक संक्रमित मिला था। इधर राजधानी जयपुर में लगातार दूसरे दिन भी कोई नया मरीज नहीं पाया गया है। इसके साथ ही राजधानी में फिलहाल दो एक्टिव केस बचे हैं। शनिवार को जोधपुर में दो मरीजों के

- **राजधानी में दो एक्टिव केस बचे हैं**

रिकवर होने से राज्य में अब 4 ही एक्टिव केस रह गए हैं। इनमें जयपुर में 2 तथा जोधपुर और भरतपुर में 1-1 केस बचा है। प्रदेश में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9654 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में शनिवार को 4 हजार 955 टीके लगाये गये है। इनमें 3 हजार 395 लोगों को प्रोकॉशन डोज दी गई है।

## बदमाशों ने युवती की चेन तोड़ी

**जयपुर**। मालवीय नगर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती की सोने की चेन तोड़ ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई,लेकिन चेन स्नेंचरों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया झालाना डूंगरी निवासी अनुश्री ने मामला दर्ज करवाया है कि 26 जनवरी की शाम इलाके स्थित उषा कॉलोनी से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाश गले पर झपट्टा मार सोने की चेन तोड़ ले गए।

## सराफ ने किया कमरों का लोकार्पण

**जयपुर**। मालवीय नगर विधायक एवं पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ ने सेक्टर 3 मालवीय नगर में राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक कोष द्वारा प्रदत्त राशि से प्रथम तल पर निर्मित कमरों का एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि स्थानीय पार्षद जयश्री गर्ग एवं हिमांशु जैन थे। सराफ ने स्थानीय डॉ अनिल दलेला और डिस्पेंसरी के मेडिकल स्टाफ की मांग पर मरीजों को बैठने के लिए विधायक कोष से एक बरामदा, 2 एयर कंडीशनर और अन्य कार्य करवाने की घोषणा की। डिस्पेंसरी के डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने सराफ का माला पहना जोरदार स्वागत कर आभार प्रकट किया।